Microsoft क्लाउड अनुबंध

यह Microsoft क्लाउड अनुबंध, आपके द्वारा प्रतिनिधित्व किए जा रहे निकाय, या यदि आप किसी सदस्यता की खरीद या नवीनीकरण के संबंध में किसी निकाय को निर्दिष्ट नहीं करते, तो व्यक्तिगत रूप से आप ("ग्राहक") और Microsoft क्षेत्रीय विक्रय कॉर्पोरेशन ("Microsoft") के बीच किया गया है. इसमें निम्नलिखित नियम और शर्तें, उपयोग अधिकार, SLA, और उन दस्तावेज़ों में संदर्भित सभी दस्तावेज़ (सब मिलाकर, "अनुबंध") शामिल हैं. यह आपके पुनर्विक्रेता द्वारा आपकी सदस्यता का प्रावधान करने के दिन से प्रभावी होता है. मुख्य शर्तें अनुभाग 10 में वर्णित हैं.

1. स्वीकृतियाँ, अधिकार और शर्तें.

इस अनुबंध के अंतर्गत स्वीकृत सभी अधिकार गैर-अनन्य और अहस्तांतरणीय हैं और तब तक लागू होते हैं जब तक न तो ग्राहक और न ही उसके सहयोगी इस अनुबंध का अत्यधिक उल्लंघन नहीं करते.

a. **सॉफ़्टवेयर.** प्रत्येक ऑर्डर को स्वीकार करने के बाद, Microsoft ग्राहक को सॉफ़्टवेयर का उसकी ऑर्डर की गई मात्रा में उपयोग करने का एक सीमित अधिकार प्रदान करता है.

(i) **उपयोग के अधिकार.** ग्राहक द्वारा सॉफ़्टवेयर का ऑर्डर देते समय जो उपयोग अधिकार प्रभावी थे, वही अधिकार ग्राहक द्वारा सॉफ़्टवेयर के मौजूदा संस्करण के उपयोग पर लागू होते हैं. भावी संस्करणों और नए सॉफ़्टवेयर के लिए उपयोग अधिकार उन संस्करणों और सॉफ़्टवेयर की प्रथम रिलीज़ के समय के अनुसार लागू होंगे. Microsoft द्वारा किसी विशेष संस्करण के लिए उपयोग अधिकारों में किए गए परिवर्तन तब तक लागू नहीं होंगे जब तक ग्राहक उन परिवर्तनों को लागू होना नहीं चुनता.

(ii) **अस्थायी और चिरस्थायी लाइसेंस.** सदस्यता के आधार पर उपलब्ध लाइसेंस अस्थायी होते हैं. अन्य सभी लाइसेंसों के लिए, सॉफ़्टवेयर उपयोग का अधिकार, पूर्ण भुगतान करने पर चिरस्थायी बन जाता है.

b. **ऑनलाइन सेवाएं.** ग्राहक इस अनुबंध में बताए गए अनुसार ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं.

(i) **ऑनलाइन सेवाओं की शर्तें.** ऑनलाइन सेवाओं की शर्तें उस समय से प्रभावी होती हैं जब ग्राहक एक ऑनलाइन सेवा की सदस्यता का ऑर्डर देता है या उसका नवीनीकरण करता है, और वे सदस्यता की पूरी अवधि के लिए लागू होंगी. उन ऑनलाइन सेवाओं के लिए, जिनका उपभोग के आधार पर समय-समय पर बिल किया जाता है, प्रत्येक बिलिंग अवधि के आरंभ पर मौजूद ऑनलाइन सेवाएँ शर्तें उस अवधि के दौरान उपयोग पर लागू होंगी.

(ii) **निलंबन.** Microsoft, स्वीकार्य उपयोग नीति के ग्राहक द्वारा उल्लंघन, या आरोपित उल्लंघन के दावे पर प्रतिक्रिया देने में विफल होने के दौरान ऑनलाइन सेवा का उपयोग निलंबित कर सकता है. Microsoft उचित होने पर ऑनलाइन सेवा के निलंबन से पहले ग्राहक को नोटिस देगा.

(iii) **अंतिम उपयोगकर्ता.** ग्राहक, अंतिम उपयोगकर्ता की पहुँच को नियंत्रित करता है और इस अनुबंध के अनुसार वह उत्पाद का उनके द्वारा उपयोग किए जाने के लिए ज़िम्मेदार है. उदाहरण के लिए, ग्राहक सुनिश्चित करेगा कि अंतिम उपयोगकर्ता स्वीकार्य उपयोग नीति का पालन करता है.

(iv) **ग्राहक डेटा.** सभी ग्राहक डेटा की सामग्री के लिए पूरी तरह से ग्राहक ज़िम्मेदार है. ग्राहक किसी भी तृतीय पक्ष के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना, या अन्यथा ग्राहक अथवा किसी भी तृतीय पक्ष के लिए Microsoft को बाध्य किए बिना, ग्राहक को ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान करने के लिए Microsoft के लिए आवश्यक ग्राहक डेटा के सभी अधिकारों को सुरक्षित और कायम रखेगा. जब तक इस अनुबंध में स्पष्ट रूप से पहले से निर्धारित न हो या लागू कानून के अनुसार आवश्यक न हो, तब तक Microsoft, ग्राहक डेटा के या ग्राहक द्वारा उत्पाद के उपयोग के संदर्भ में कोई भी बाध्यता न तो मानता है न मानेगा.

(v) **आपके खातों के लिए जिम्मेदारी.** ऑनलाइन सेवाओं के ग्राहक के उपयोग के साथ संबद्ध किसी भी गैर-सार्वजनिक प्रमाणीकरण क्रेडेंशियल की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए ग्राहक ज़िम्मेदार हैं. ग्राहक को ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित ग्राहक खातों, या प्रमाणीकरण क्रेडेंशियल के किसी भी संभावित दुरुपयोग अथवा सुरक्षा संबंधी घटना के बारे में ग्राहक समर्थन को तुरंत सूचित करना होगा.

c. **लाइसेंस का हस्तांतरण.** लाइसेंस हस्तांतरण की अनुमति नहीं है और इसका अपवाद सिर्फ़ वह स्थिति है, जब ग्राहक (1) किसी सहभागी या (2) किसी तृतीय पक्ष को केवल हार्डवेयर या ऐसे कर्मचारियों के संदर्भ में एक पूर्णतः प्रदत्त चिरस्थायी लाइसेंस हस्तांतरित कर सकता है, जिन्हें (a) सहभागी के सभी या कुछ अधिकारों के प्रत्यहरण या फिर (b) ग्राहक और सहभागी का विलय होने के चलते तृतीय पक्ष के लाइसेंस प्रदान किए गए हैं. ऐसे किसी भी हस्तांतरण पर, ग्राहक और उसके सहभागियों को लाइसेंसशुदा उत्पाद की स्थापना रद्द करते हुए उसका उपयोग बंद करना होगा और उसकी सभी प्रतियों को नष्ट करना होगा. इस अनुबंध का अनुपालन न करते हुए किए जाने वाले लाइसेंस हस्तांतरण के प्रयास अमान्य होंगे.

d. **अधिकारों की सुरक्षा.** उत्पाद कॉपीराइट तथा अन्य बौद्धिक संपदा कानूनों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों द्वारा सुरक्षित हैं. इस अनुबंध में स्पष्टतः स्वीकृत न किए गए सभी अधिकार Microsoft के पास सुरक्षित रहेंगे. छूट या विबंध द्वारा कोई भी अधिकार स्वीकृत नहीं किए जाएंगे या लागू नहीं होंगे. एक डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर तक पहुँचने या उपयोग करने के अधिकार से ग्राहक को उसी डिवाइस में या अन्य सॉफ़्टवेयर या डिवाइस पर Microsoft पेटेंट या अन्य Microsoft बौद्धिक संपदा को लागू करने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता.

e. **प्रतिबंध.** ग्राहक केवल इस अनुबंध के परिपालन में उत्पाद का उपयोग कर सकते हैं. ग्राहक निम्न कार्य नहीं कर सकते (और ऐसा करने के लिए वे लाइसेंसीकृत नहीं हैं): (1) किसी भी उत्पाद या फ़िक्स की रिवर्स इंजीनियरिंग, डिकंपाइल या डिसअसेंबल नहीं कर सकते, या इसका प्रयास नहीं कर सकते; (2) गैर-Microsoft सॉफ़्टवेयर या प्रौद्योगिकी को स्थापित या इस तरह उपयोग नहीं कर सकते जो Microsoft की बौद्धिक संपत्ति या प्रौद्योगिकी को किसी अन्य लाइसेंस शर्तों के अधीन कर सकता है; या (3) किसी उत्पाद या फ़िक्स में किसी तकनीकी सीमा या उत्पाद दस्तावेज़ के प्रतिबंधों के लिए छेड़छाड़ नहीं कर सकते. ग्राहक किसी भी बिलिंग प्रणाली, जो ऑनलाइन सेवाओं के ग्राहक के उपयोग को मापती हो, को अक्षम, उसके साथ छेड़छाड़ या अन्यथा उसमें गतिरोध उत्पन्न करने का प्रयास नहीं कर सकते. इस अनुबंध या उत्पाद दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से अनुमत को छोड़कर, ग्राहक उत्पाद या उसका कोई हिस्सा वितरित, उप लाइसेंस, किराए पर, लीज़, उधार, पुनः बिक्री या हस्तांतरित नहीं कर सकता या इनका उपयोग तृतीय पक्षों को होस्टिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए नहीं कर सकता.

f. **पूर्वावलोकन रिलीज़.** Microsoft पूर्वावलोकन उपलब्ध कर सकता है. **पूर्वावलोकन “जैसा है”, “सभी दोषों सहित” और “जैसा उपलब्ध है” के रूप में उपलब्ध हैं तथा SLA और इस अनुबंध की सभी सीमित वारंटियों से**

बाहर हैं. पूर्वावलोकनों को ग्राहक समर्थन द्वारा कवर नहीं किया जा सकता. पूर्वावलोकनों को कम किया जा सकता है या Online Services की शर्तें और पूर्वावलोकन के साथ प्रदत्त सभी अतिरिक्त सूचनाओं में वर्णन किए गए अनुसार विभिन्न सुरक्षा, अनुपालन और गोपनीयता प्रतिबद्धताओं के अधीन हो सकती हैं. Microsoft बिना किसी सूचना के किसी भी समय पूर्वावलोकन बदल सकता है या बंद कर सकता है. Microsoft पूर्वावलोकन को “सामान्य उपलब्धता” में रिलीज़ न करना भी चुन सकता है.

g. **उत्पादों के लिए अनुपालन का सत्यापन करना.**

(i) **अनुपालन के सत्यापन का अधिकार.** ग्राहक को स्वयं या अपने सहायक लोगों द्वारा उत्पादों के समस्त उपयोग और वितरण से संबंधित रिकॉर्ड रखना होगा. Microsoft के पास अधिकार है, कि वह स्वयं के व्यय पर उत्पादों की लाइसेंस शर्तों के अनुपालन का सत्यापन कर सकता है. ग्राहक को कोई भी ऐसी जानकारी तुरंत प्रदान करनी होगी, जो उचित रूप से Microsoft द्वारा नियुक्त निष्पक्ष लेखापरीक्षकों द्वारा, सत्यापन के संबंध में यथोचित रूप से मांगी जाती है, जिसमें उत्पादों को चलाने वाले सिस्टम पर पहुँच और ग्राहक द्वारा तृतीय पक्षों को होस्ट किए गए, उपलाइसेंस, या वितरित किए गए उत्पादों के लाइसेंसों के साक्ष्य भी शामिल हैं. ग्राहक Microsoft की स्व-लेखापरीक्षण प्रक्रिया, जिसके लिए Microsoft एक तृतीय पक्ष लेखा परीक्षा के विकल्प के रूप में अनुरोध कर सकता है, को पूर्ण करने पर सहमत है.

(ii) **गैर-अनुपालन के लिए समाधान.** यदि सत्यापन या स्व-लेखापरीक्षा से उत्पाद के किसी बिना लाइसेंस के उपयोग का पता चलता है, तो 30 दिनों के भीतर (1) ग्राहकों को इस उपयोग को कवर करने के लिए पर्याप्त लाइसेंसों का ऑर्डर करना पड़ेगा, और (2) यदि 5% या इससे अधिक गैर-लाइसेंस युक्त उपयोग है, तो ग्राहक को Microsoft को उस लागत की वापसी करनी पड़ेगी जिसे Microsoft ने सत्यापन में खर्च किया है, और तात्कालिक वर्तमान उत्पाद और ग्राहक मूल्य स्तर पर आधारित मूल्य की 125% राशि पर आवश्यक अतिरिक्त लाइसेंस लेने होंगे. गैर-लाइसेंस युक्त उपयोग प्रतिशत, वर्तमान उपयोग के लिए खरीदे गए कुल लाइसेंसों की संख्या के साथ वास्तविक स्थापना बेस की तुलना के आधार पर निकाला जाता है. यदि कोई लाइसेंस-रहित उपयोग नहीं हो रहा है, तो Microsoft ग्राहक को कम से कम एक वर्ष तक अन्य सत्यापन के अधीन नहीं करेगा. उपरोक्त वर्णित अधिकारों और प्रक्रियाओं के उपयोग करने पर, Microsoft इस अनुबंध को लागू करने, या अन्य क़ानूनी माध्यमों द्वारा अपने बौद्धिक संपदा सुरक्षित करने के अपने अधिकारों पर छूट नहीं देता.

(iii) **सत्यापन प्रक्रिया.** Microsoft अपने उत्पादों, जिनका ग्राहक और उसके सहयोगी उपयोग या वितरित करते हैं, के लिए लाइसेंस की शर्तों के ग्राहकों के अनुपालन के सत्यापन संबंधी अपने इरादों के बारे में ग्राहक को कम से कम 30 दिन पहले सूचित करेगा. Microsoft एक निष्पक्ष लेखापरीक्षक नियुक्त करेगा, जो गोपनीयता बाध्यताओं के अधीन होगा. स्व-लेखापरीक्षा में एकत्र की गई किसी भी जानकारी का उपयोग केवल अनुपालन निर्धारित करने के लिए किया जाएगा. यह सत्यापन सामान्य कार्य घंटों के दौरान और इस प्रकार किया जाएगा कि वह अनुचित तरीके से ग्राहक के संचालनों में बाधा न डाले.

2. *सदस्यताएँ, ऑर्डर करना.*

a. **किसी पुनर्विक्रेता को चुनना.** ग्राहक को ऐसे पुनर्विक्रेता चुनना और बनाए रखना होगा, जो उसके क्षेत्र में अधिकृत हो. यदि Microsoft या पुनर्विक्रेता एक दूसरे के साथ व्यापार करना बंद करने का निश्चय करते हैं, तो ग्राहक को एक प्रतिस्थापन पुनर्विक्रेता चुनना होगा या सीधे Microsoft से सदस्यता खरीदनी होगी, जिससे ग्राहक को भिन्न शर्तें स्वीकार करनी पड़ सकती हैं.

b. **उपलब्ध सदस्यता प्रस्ताव.** ग्राहक के लिए उपलब्ध सदस्यता प्रस्तावों का निर्धारण उसके पुनर्विक्रेता द्वारा किया जाएगा और उन्हें आमतौर पर एक या निम्न के संयोजन में वर्गीकृत किया जा सकता है:

(i) **ऑनलाइन सेवाएँ प्रतिबद्धता प्रस्ताव.** ग्राहक एक अवधि के दौरान उपयोग के लिए ऑनलाइन सेवाओं की विशिष्ट मात्रा खरीदने और ऑनलाइन सेवा के जारी उपयोग के आधार पर आवधिक रूप से भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध होता है.

(ii) **उपभोग प्रस्ताव (अपने उपयोग के अनुसार भुगतान करें भी कहा जाता है).** ग्राहक बिना किसी अग्रिम प्रतिबद्धता के वास्तविक उपयोग के आधार पर भुगतान करता है.

(iii) **सीमित प्रस्ताव.** ग्राहक सीमित अवधि के लिए शुल्क के बिना (उदाहरण के लिए, निःशुल्क परीक्षण) या Microsoft प्रस्ताव (उदाहरण के लिए, MSDN) के भाग के रूप में ऑनलाइन सेवाओं की एक सीमित मात्रा प्राप्त करता है. हो सकता है कि SLA और डेटा अवधारण के संदर्भ में इस अनुबंध के प्रावधान लागू न हों.

(iv) **सॉफ़्टवेयर प्रतिबद्धता प्रस्ताव.** ग्राहक एक अवधि के दौरान उपयोग के लिए सॉफ़्टवेयर की विशिष्ट मात्रा खरीदने और सॉफ़्टवेयर के जारी उपयोग के आधार पर आवधिक रूप से भुगतान करने के लिए अग्रिम रूप से प्रतिबद्ध होता है.

c. **ऑर्डर करना.**

(i) ऑर्डर ग्राहक के निर्दिष्ट पुनर्विक्रेता के माध्यम से किए जाने चाहिए. ग्राहक इस अनुबंध के अंतर्गत अपने सहयोगियों के लिए ऑर्डर कर सकता है और सदस्यता को प्रबंधित करने के लिए अपने सहयोगियों को व्यवस्थापकीय अधिकार प्रदान कर सकता है, लेकिन सहयोगी इस अनुबंध के तहत ऑर्डर नहीं कर सकते. ग्राहक किसी तृतीय पक्ष को सॉफ़्टवेयर का लाइसेंस या अपने आंतरिक व्यवसाय में उस तृतीय पक्ष द्वारा उपयोग के लिए अनुभाग 1.a और 1.b के तहत दिए गए अधिकार भी असाइन कर सकता है. यदि ग्राहक सहयोगियों या तृतीय पक्षों को सॉफ़्टवेयर या अपनी सदस्यता के संबंध में कोई भी अधिकार प्रदान करता है, तो वे सहयोगी या तृतीय पक्ष इस अनुबंध से बाध्य होंगे और ग्राहक उत्पादों के उपयोग के संबंध में उन सहयोगियों या तृतीय पक्षों की किसी भी कार्रवाई के लिए संयुक्त और पृथक रूप से उत्तरदायी होने के लिए सहमत है.

(ii) ग्राहक का पुनर्विक्रेता, सदस्यता अवधि के दौरान ऑर्डर की गई ऑनलाइन सेवाओं की मात्रा को संशोधित करने की अनुमति ग्राहक को दे सकता है. किसी सदस्यता में Online Services की जोड़ी गई अतिरिक्त मात्राओं की समय-सीमा, उस सदस्यता के समाप्त होने पर समाप्त हो जाएँगी.

d. **मूल्य निर्धारण और भुगतान.** प्रत्येक उत्पाद के लिए मूल्य, और इनवॉइस तैयार करने एवं भुगतान करने के नियमों और शर्तों का निर्धारण ग्राहक के पुनर्विक्रेता द्वारा किया जाएगा.

e. **नवीनीकरण.**

(i) सदस्यता के नवीनीकरण के बाद, ग्राहक को एक नए अनुबंध, एक पूरक अनुबंध या इस अनुबंध में किसी संशोधन पर हस्ताक्षर करना पड़ सकता है.

(ii) ग्राहक की सदस्यता की अवधि स्वचालित रूप से नवीनीकृत हो जाएगी, बशर्ते ग्राहक अपने पुनर्विक्रेता को, सदस्यता की अवधि समाप्त होने से पहले नवीनीकृत न करने की सूचना न दे.

f. **अकादमिक, सरकारी और लाभ-निरपेक्ष संस्करण के लिए योग्यता.** ग्राहक इस बात से सहमत हैं कि अगर वह किसी अकादमिक, सरकारी या गैर-लाभकारी प्रस्ताव को खरीद रहा है, तो ग्राहक निम्न साइटों में सूचीबद्ध विशिष्ट योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करता है:

(i) अकादमिक प्रस्तावों के लिए, शैक्षणिक संस्थानों (जिसमें व्यवस्थापकीय कार्यालय या शिक्षा बोर्ड, सार्वजनिक पुस्तकालय या सार्वजनिक संग्रहालय शामिल हैं) के लिए आवश्यकताएँ http://go.microsoft.com/academic पर सूचीबद्ध हैं;

(ii) सरकारी प्रस्तावों के लिए http://go.microsoft.com/government; और

(iii) गैर-लाभकारी प्रस्तावों के लिए, आवश्यकताएँ http://go.microsoft.com/nonprofit पर सूचीबद्ध हैं.

योग्यता आवश्यकताएँ पूरी न होने पर, Microsoft किसी भी समय योग्यता सत्यापित करने और ऑनलाइन सेवा निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

g. **कर.** ये पक्ष ऐसे किसी दूसरे पक्ष के उन किन्हीं भी करों के लिए उत्तरदायी नहीं हैं, जो भुगतान करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है और जो इस अनुबंध के अंतर्गत बताए गए लेनदेनों से जुड़े होने पर या उनके के संबंध में लिए गए हों या उत्पन्न होते हों और इस प्रकार के सभी करों की वित्तीय ज़िम्मेदारी उस पक्ष की होगी, जो संचालन के कानून के अनुसार इस प्रकार के कर का भुगतान करने के लिए बाध्य है.

3. अवधि, समाप्ति.

a. **अनुबंध की अवधि और समाप्ति.** यह अनुबंध, ग्राहक की सदस्यता की समाप्ति या निलंबन, जो भी पहले हो, तक प्रभावी बना रहेगा. ग्राहक किसी भी समय अपने पुनर्विक्रेता से संपर्क करके इस अनुबंध को समाप्त कर सकता है. इस अनुबंध की समय-सीमा समाप्ति या उसकी समाप्ति केवल इस अनुंबध के अंतर्गत अतिरिक्त उत्पादों के लिए नए ऑर्डर देने के ग्राहक के अधिकार को समाप्त करेगी.

b. **कारण पर समाप्ति.** यदि कोई एक पक्ष इस अनुबंध का उल्लंघन करता है, तो अन्य पक्ष उल्लंघित अनुबंध को (पूर्ण या आंशिक रूप से, इसमें आदेश भी शामिल हैं) समाप्त कर सकता है. यदि उल्लंघन 30 दिनों के भीतर समाधान हो पाने योग्य हो, तो समाप्त करने वाला पक्ष को उल्लंघन पक्ष को 30 दिनों की सूचना देनी होगी और उल्लंघन के समाधान करने का अवसर देना होगा.

c. **सदस्यता रद्द करें.** ग्राहक का पुनर्विक्रेता नियम व शर्तें निर्धारित करेगा, यदि वह कोई करना चाहे तो, जिसके आधार पर ग्राहक सदस्यता को रद्द कर सकता है.

d. इस एग्रीमेंट के टर्मिनेशन प्रावधानों को कार्यान्वित करने हेतु आवश्यक सीमा के लिए, दोनों पक्ष अब या भविष्य में किन्हीं लागू कानून या विनियमों के तहत, अनुरोध करने या स्वीकृति, ऑर्डर प्राप्त करने या इस एग्रीमेंट को पर्यवसान करने के लिए किसी न्यायालय के निर्णय या जजमेंट में अपने पास किन्हीं अधिकारों या अपने पास हो सकने वाली बाध्यता में छूट देते हैं.

4. सुरक्षा, गोपनीयता और डेटा सुरक्षा.

a. **पुनर्विक्रेता व्यवस्थापन पहुँच और ग्राहक डेटा.** ग्राहक इस बात को स्वीकार करता है और सहमति देता है कि (i) ग्राहक द्वारा किसी पुनर्विक्रेता को चुन लेने के बाद, वह पुनर्विक्रेता उस अवधि तक ऑनलाइन सेवाओं का एक प्राथमिक व्यवस्थापक बनेगा, और उसके पास ग्राहक डेटा का व्यवस्थापकीय विशेषाधिकार और पहुँच रहेगा, तथापि, ग्राहक अपने पुनर्विक्रेता से अतिरिक्त विशेषाधिकार मांग सकता है; (ii) ग्राहक अवधि के दौरान किसी भी समय स्वविवेक से, अपने पुनर्विक्रेता का व्यवस्थापकीय विशेषाधिकार समाप्त कर सकता है; (iii) ग्राहक डेटा या पुनर्विक्रेता द्वारा प्रदान की गई सभी सेवाओं के संबंध में पुनर्विक्रेता की गोपनीयता प्रथाएँ, ग्राहक के अपने पुनर्विक्रेता के साथ अनुबंध की शर्तों के अधीन हो सकती हैं और वे Microsoft की गोपनीयता प्रथाओं से भिन्न हो सकती हैं; और (iv) पुनर्विक्रेता निजी डेटा सहित ग्राहक डेटा का एकत्रण, उपयोग, स्थानांतरण, खुलासा और अन्यथा उसे संसाधित कर सकता है. ग्राहक Microsoft को सहमति देता है कि वह पुनर्विक्रेता को ग्राहक डेटा और वे जानकारी प्रदान करेगा, जिसे ग्राहक ने ऑनलाइन सेवाएँ ऑर्डर देने, प्रोविज़न करने और व्यवस्थापन करने के लिए Microsoft को प्रदान किया है.

b. ग्राहक Microsoft और उसके एजेंट द्वारा इस अनुबंध के विषय-वस्तु को प्रोत्साहित करने के लिए, उन्हें निजी जानकारी को संसाधित करने की सहमति देता है. ग्राहक इस अनुबंध के भाग के रूप में, तृतीय पक्षों (आपके संपर्कों, पुनर्विक्रेताओं, वितरकों, व्यवस्थापकों और कर्मचारियों सहित) की ओर से Microsoft को निजी जानकारी प्रदान करना चुन सकता है. ग्राहक Microsoft को निजी जानकारी प्रदान करने से पहले लागू गोपनीयता और डेटा सुरक्षा क़ानूनों के अंतर्गत तृतीय पक्षों से सभी आवश्यक सहमतियाँ प्राप्त करेगा.

c. अतिरिक्त गोपनीयता और सुरक्षा विवरण इन ऑनलाइन सेवाओं की शर्तों में दिए गए हैं. ऑनलाइन सेवाओं की शर्तों में की गई प्रतिबद्धताएँ इस अनुबंध के अंतर्गत खरीदी गई ऑनलाइन सेवाओं पर ही लागू होती हैं, न कि एक पुनर्विक्रेता द्वारा प्रदान की गई किन्हीं भी सेवाओं और उत्पादों पर. यदि ग्राहक ऐसे सॉफ़्टवेयर या सेवाओं का उपयोग करता है, जो पुनर्वित्रेता द्वारा होस्ट किए गए हैं, तो ऐसा कोई भी उपयोग पुनर्विक्रेता के गोपनीयता अभ्यासों के अधीन होगा, जो Microsoft के अभ्यासों से अलग हो सकते हैं.

d. क़ानून की सीमा के अनुसार या उसकी सीमा तक, ग्राहक ऑनलाइन सेवाओं के अलग-अलग उपयोगकर्ताओं को सूचित करेगा कि पुनर्विक्रेता के निर्देश पर या क़ानून द्वारा आवश्यक होने पर उनके डेटा को क़ानून प्रवर्तन या दूसरे सरकारी प्राधिकरणों के सामने प्रकट करने के उद्देश्य से संसाधित किया जा सकता है और इसके लिए ग्राहक उपयोगकर्ताओं की सहमति प्राप्त करेगा.

e. ग्राहक इस अनुभाग 4 के उद्देश्यों के लिए Microsoft के निर्देशों को दर्शाने और प्रदान करने के उद्देश्यों के लिए पुनर्विक्रेता को अपने एजेंट के रूप में नियुक्त करता है.

5. *वारंटियाँ.*

a. **सीमित वॉरंटी.**

(i) **सॉफ़्टवेयर.** Microsoft वारंटी देता है कि सॉफ़्टवेयर का प्रत्येक संस्करण, ग्राहक को उस संस्करण के लिए प्रदत्त प्रथम लाइसेंस की तिथि से एक वर्ष के लिए, लागू उत्पाद दस्तावेज़ों में वर्णित अनुसार उल्लेखनीय रूप से निष्पादन देगा. यदि ऐसा नहीं होता, और ग्राहक वारंटी अवधि के भीतर Microsoft को सूचित करता है, तो Microsoft स्वयं के विकल्प पर, (1) ग्राहक द्वारा सॉफ़्टवेयर लाइसेंस के लिए किए गए भुगतान को वापस करेगा या (2) सॉफ़्टवेयर की मरम्मत या उसे प्रतिस्थापित करेगा.

(ii) **ऑनलाइन सेवाएं.** Microsoft वारंटी देता है कि प्रत्येक ऑनलाइन सेवा, ग्राहक के उपयोग के दौरान लागू SLA की शर्तों के परिपालन में निष्पादन करेगी. इस वारंटी के उल्लंघन के लिए ग्राहक के उपाय SLA में दिए गए हैं.

उपरोक्त उपाय इस अनुभाग में वारंटी के उल्लंघन के लिए ग्राहक के एकमात्र उपाय हैं. ग्राहक किसी भी ऐसे उल्लंघन के लिए, जो वारंटी अवधि के दौरान नहीं किए गए, वारंटी दावों की छूट देता है.

b. **अपवर्जन.** इस अनुबंध में दी गई वारंटी दुर्घटना, दुरुपयोग या इस अनुबंध के साथ असंगत तरीके से उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं पर लागू नहीं होती, इसमें न्यूनतम सिस्टम शर्तों को पूरा करने में विफलता भी शामिल है. यह वारंटी मुफ़्त या परीक्षण उत्पादों, पूर्वावलोकनों, सीमित प्रस्तावों, या उत्पादों के ऐसे घटकों जिसके लिए ग्राहक को पुनर्वितरण करने की अनुमति होती है, पर लागू नहीं होता.

c. **अस्वीकरण. उपरोक्त वारंटी के अतिरिक्त, Microsoft उत्पादों के लिए कोई भी वारंटी या शर्त प्रदान नहीं करता और किसी भी अन्य वर्णित, उपलक्षित या वैधानिक दावों को अस्वीकार करता है, इसमें गुण, स्वत्वाधिकार, गैर-उल्लंघन, मर्चेंटिबिलिटी, और एक विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता भी शामिल है.**

6. *तृतीय पक्षीय दावों का बचाव.*

ये पक्ष इस अनुभाग में वर्णित तृतीय-पक्षीय दावों के विरुद्ध केवल इस स्थिति में एक-दूसरे का बचाव करेंगे, और केवल उस दशा में, जब बचाव पक्ष को तुरंत दावे के लिए लिखित में सूचित किया गया हो और उसके पास रक्षा करने और इसके किसी भी निपटारे को नियंत्रित करने का अधिकार हो, तो उनके परिणामस्वरूप, किसी भी प्रतिकूल निर्णय या स्वीकृत निपटारे की राशि का भुगतान करेंगे. रक्षित होने वाले पक्ष को रक्षित करने वाले पक्ष को सभी आवश्यक सहायता, जानकारी और अधिकार देना पड़ेगा. यदि अन्य पक्ष को सहायता प्रदान करने में आउट-ऑफ़-पॉकेट व्यय लगता है, तो रक्षित करने वाला पक्ष इस उचित व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा. यह अनुभाग ऐसे दावों के लिए पक्षों के पूर्णतया समाधानों और संपूर्ण दायित्वों का वर्णन करता है.

a. **Microsoft द्वारा.** Microsoft किसी तृतीय पक्षीय दावे के विरुद्ध ग्राहक की रक्षा इस आरोपों की सीमा तक करेगा, कि Microsoft द्वारा उपलब्ध कराया गया एक उत्पाद या फ़िक्स मुफ़्त है, और जिसका उपयोग इस अनुबंध (Microsoft द्वारा प्रदान किए गए असंशोधित, और किसी अन्य के साथ संयुक्त न किए गए रूप में) के अंतर्गत प्रदान किए गए लाइसेंस की सीमा के अंतर्गत किया गया है, वह किसी व्यापार रहस्य का दुरुपयोग करता है या तृतीय पक्ष पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क या अन्य स्वामित्व अधिकार का उल्लंघन करता है. यदि

Microsoft वाणिज्यिक रूप से उपयुक्त शर्तों के अंतर्गत उल्लंघन के दावे का समाधान करने में अक्षम रहता है, तो अपने विकल्प के रूप में वह निम्न में एक कार्य कर सकता है: (1) उत्पाद या फ़िक्स को संशोधित या एक कार्यात्मक समतुल्य उत्पाद या फ़िक्स द्वारा बदल सकता है; या (2) ग्राहक का लाइसेंस समाप्त कर सकता है और चिरस्थायी लाइसेंसों के लिए किए किसी भी पूर्वभुगतान वाले लाइसेंस शुल्क (एक पंचवर्षीय, सरल रैखीय आधार पर मूल्यह्रास को घटाकर) या समाप्ति अवधि के बाद उपयोग अवधि के लिए किए गए ऑनलाइन सेवाओं के भुगतान को वापस लौटा सकता है. Microsoft ग्राहक द्वारा ऐसे उत्पाद या फ़िक्स के उपयोग को जारी रखने के कारण किए गए किसी भी दावे या क्षति का दायित्व नहीं लेगा, जिनके लिए तृतीय पक्ष दावे के कारण उपयोग बंद करने की सूचना दी गई है.

b. **ग्राहक द्वारा.** लागू क़ानून की अनुमत सीमा तक, ग्राहक किसी तृतीय-पक्षीय दावे के विरुद्ध Microsoft की, इस सीमा तक रक्षा करेगा, जिसमें आरोप हो कि: (1) कोई भी ग्राहक डेटा या Microsoft द्वारा ऑनलाइन सेवा में ग्राहक की ओर से होस्ट किया गया गैर-Microsoft सॉफ़्टवेयर उत्पाद किसी व्यापार रहस्य का दुरुपयोग करता है या किसी तृतीय पक्ष के एक पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क या अन्य स्वामित्व अधिकार का सीधे उल्लंघन करता है; या (2) किसी भी उत्पाद या फ़िक्स का ग्राहक द्वारा उपयोग, अकेले या किसी अन्य के साथ संयुक्त रूप से, कानून का उल्लंघन करता है या उसे हानि पहुँचाता है.

7. दायित्व की सीमा.

प्रत्येक उत्पाद के लिए, प्रत्येक पक्ष का दूसरे पक्ष के प्रति अधिकतम, एकीकृत दायित्व अंतिम रूप से एक राशि के रूप में सीधे रूप से प्रदान किए जाने तक सीमित है, जिसकी राशि उस राशि से अधिक नहीं होगी, जिसे ग्राहक को उस लागू उत्पाद के लिए, अनुबंध की अवधि के लिए देना पड़ा, जो निम्न के अधीन है:

a. **ऑनलाइन सेवाएं.** ऑनलाइन सेवाओं के लिए, Microsoft का किसी ऐसी घटना के लिए, जो एक दावा उत्पन्न करती है, ग्राहक के प्रति अधिकतम दायित्व, उस घटना के पहले 12 महीनों के दौरान ऑनलाइन सेवा के लिए ग्राहक द्वारा भुगतान की गई राशि से अधिक नहीं होगा; बशर्ते Microsoft का एकीकृत दायित्व, किसी भी परिस्थिति में किसी ऑनलाइन सेवा की सदस्यता के दौरान उस ऑनलाइन सेवा के लिए भुगतान राशि से अधिक नहीं हो सकता.

b. **मुफ़्त उत्पाद और वितरण योग्य कोड.** मुफ़्त प्रदान किए जा रहे उपकरणों और वह कोड, जिन्हें ग्राहक बिना Microsoft को पृथक भुगतान किए तृतीय पक्षों को पुनर्वितरित करने के लिए अधिकृत है, के लिए Microsoft की सीधी क्षतियों पर दायित्व अंतिम रूप से यू.एस. $5,000 प्रदान किए जाने तक सीमित है.

c. **अपवर्जन. किसी भी स्थिति में, आय में होने वाले नुकसान या अप्रत्यक्ष, विशेष, आकस्मिक, परिणामी, दंडात्मक या अनुकरणीय क्षतियों अथवा उपयोग में हानि के लिए नुकसान, आय में नुकसान, व्यावसायिक व्यवधान या व्यावसायिक जानकारी के खोने पर, कोई भी पक्ष उत्तरदायी नहीं होगा, तथापि ये परिणामस्वरूप हों या दायित्व के किसी अन्य सिद्धांत पर आधारित हों.**

d. **अपवाद.** इस अनुभाग में देयता की सीमाएँ लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक लागू होती हैं, लेकिन निम्न पर लागू नहीं होती: (1) अनुभाग 6 के तहत पक्षों की बाध्यताओं पर; या (2) दूसरे के बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन पर.

8. सहायता और पेशेवर सेवाएँ.

इस अनुबंध के अंतर्गत खरीदे गए उत्पादों के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी ग्राहक के पुनर्विक्रेता द्वारा प्रदान की जाएँगी. सहायता सेवाएँ पुनर्विक्रेता या उसके द्वारा नियुक्त पक्ष द्वारा प्रदान की जाएँगी, जो कुछ मामलों में Microsoft हो सकता है. यदि ग्राहक इस अनुबंध के तहत पेशेवर सेवाएँ ख़रीदता है, तो उन पेशेवर सेवाओं का निष्पादन उपयोग के अधिकारों के नियम और शर्तों के अधीन होगा.

9. विविध.

a. **सूचनाएं.** आपको नीचे दिए गए पते पर मेल, अनुरोध की गई वापसी प्राप्ति द्वारा सूचनाएँ भेजनी होंगी.

सूचनाएं भेजी जानी चाहिए:
Microsoft Regional Sales Corporation Dept. 551, Volume Licensing 438B Alexandra Road, #04-09/12, Block B Alexandra Technopark Singapore 119968

आप हमारी ओर से इलेक्ट्रॉनिक सूचनाएँ प्राप्त करने के लिए सहमत हैं, जिन्हें आपकी सदस्यता के लिए नामित व्यवस्थापक(कों) को ईमेल से भेजा जाएगा. सूचनाएं वापसी रसीद की तिथि से या ईमेल के लिए, जब उन्हें भेजा गया से प्रभावी होती हैं. आप यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं कि आपकी सदस्यता के लिए नामित व्यवस्थापक(कों) के ईमेल पते सही और चालू हैं. हमारा द्वारा उस ईमेल पते पर भेजे जाने वाली कोई भी ईमेल सूचना भेजने के साथ ही प्रभावी हो जाएगी, चाहे आप ईमेल प्राप्त करें या नहीं.

b. **असाइनमेंट.** आप इस एग्रीमेंट को या तो समग्र रूप से या आंशिक रूप से असाइन नहीं कर सकते. Microsoft इस अनुबंध को आपकी सहमति के बिना स्थानांतरित कर सकता है, लेकिन केवल किसी Microsoft के किसी सहयोगी को. कोई भी प्रतिबंधित समनुदेशन निष्प्रभावी होगा.

c. **विच्छेदनीयता.** यदि इस एग्रीमेंट का कोई भाग अप्रवर्तनीय रहता है, तो शेष पूर्ण प्रभावी रूप से बने रहते हैं.

d. **छूट.** इस एग्रीमेंट के किसी भी प्रावधान को प्रवर्तित करने में होने वाली विफलता छूट का कारण नहीं मानी जाएगी.

e. **कोई एजेंसी नहीं.** यह अनुबंध किसी एजेंसी, साझेदारी या संयुक्त उद्यम का निर्माण नहीं करता है.

f. **कोई तृतीय पक्ष लाभार्थी नहीं.** इस एग्रीमेंट में कोई तृतीय पक्ष लाभार्थी नहीं हैं.

g. **संविदाकारों का उपयोग.** Microsoft सेवाएँ निष्पादित करने के लिए संविदाकारों का उपयोग कर सकता है, परंतु वह उनके निष्पादन के लिए ज़िम्मेदार होगा, जो इस अनुबंध की शर्तों के अधीन है.

h. **Microsoft एक स्वतंत्र संविदाकार के रूप में.** पक्ष स्वतंत्र संविदाकार हैं. ग्राहक और Microsoft, प्रत्येक बिना दूसरे की गोपनीय जानकारी का उपयोग किए, स्वतंत्र रूप से उत्पाद विकसित कर सकता है.

i. **अनुबंध अनन्य नहीं है.** ग्राहक गैर-Microsoft उत्पादों और सेवाओं को लाइसेंस, उपयोग और प्रचार करने वाले अनुबंध में शामिल होने के लिए स्वतंत्र है.

j. **लागू कानून और स्थान.** कानूनी सिद्धांतों के मध्य परस्पर टकराव की स्थिति के बिना, यह एग्रीमेंट वाशिंगटन के कानून द्वारा शासित है. नीचे अनुभाग (i) और (ii) के अधीन, यदि Microsoft इस अनुबंध को प्रवर्तित करने के लिए कोई कार्रवाई करता है, तो Microsoft इसे उस क्षेत्राधिकार में लाएगा जहां ग्राहक का मुख्यालय स्थित है. यदि ग्राहक इस अनुबंध को प्रवर्तित करने के लिए कोई कार्रवाई करता है, तो ग्राहक को इसे स्टेट ऑफ़ वाशिंगटन, यूएसए में लाना होगा. क्षेत्राधिकार का यह विकल्प किसी भी पक्ष को बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन के मामले में न्यायिक राहत प्राप्त करने से नहीं रोकता.

(i) यदि ग्राहक के व्यवसाय का मुख्य स्थान ब्रुनेई, मलेशिया या सिंगापुर में है, तो ग्राहक सिंगापुर न्यायालयों के गैर-अनन्य क्षेत्राधिकार के लिए सहमति देता है.

(ii) यदि ग्राहक के व्यवसाय का मुख्य स्थान बांग्लादेश, कंबोडिया, भारत, इंडोनेशिया, मकाउ SAR, चीन जनवादी गणराज्य, श्रीलंका, थाईलैंड, फिलीपींस या वियतनाम में है, तो इस अनुबंध या इसके संबंध में उत्पन्न कोई भी विवाद, इसकी मौजूदगी, मान्यता या समाप्ति के संबंध में किसी भी प्रश्न सहित, सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (“SIAC”) के मध्यस्थता नियमों के अनुरूप सिंगापुर में मध्यस्थता के लिए संदर्भित होगा और उसी के द्वारा पूर्णतः सुलझाया जाएगा जिसके नियम इस उपखंड में संदर्भ द्वारा निगमित माने जाते हैं. ट्रिब्यूनल में एक मध्यस्थ होगा जिसकी नियुक्ति SIAC के अध्यक्ष द्वारा होगी. मध्यस्थता की भाषा अंग्रेजी होगी. मध्यस्थ का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद होगा और इसका उपयोग उपरोक्त देशों या कहीं और भी इस तरह के निर्णय के लिए एक आधार के रूप में किया जा सकता है. लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, पक्ष अपील के किसी भी प्रकार के लिए या न्यायालय के अन्य इसी तरह के उपायों के लिए अपने अधिकार विमुक्त करते हैं. केवल इस एग्रीमेंट के प्रयोजन के लिए, चीन जनवादी गणराज्य में हांगकांग SAR, मकाउ SAR और ताइवान शामिल नहीं हैं.

k. **संपूर्ण एग्रीमेंट.** यह एग्रीमेंट अपने विषय से संबंधित संपूर्ण एग्रीमेंट है और यह किसी भी पूर्ववर्ती या समवर्ती संचार का स्थान लेता है. इस अनुबंध में दिए गए किन्हीं भी दस्तावेज़ों के बीच विरोध होने की स्थिति में, जिनका उन दस्तावेज़ों में स्पष्ट रूप से समाधान नहीं किया गया है, उनकी शर्तें प्राथमिकता के निम्नलिखित घटते क्रम में नियंत्रण करेंगी: (1) यह अनुबंध, (2) उत्पाद शर्तें, (3) ऑनलाइन सेवाओं की शर्तें, और (4) इस अनुबंध के अन्य दस्तावेज़.

l. **उत्तरजीविता.** ऐसे प्रावधानों को, जिन्हें केवल इस अनुबंध की अवधि के दौरान निष्पादन की आवश्यकता होती है, छोड़कर अन्य सभी प्रावधान इस अनुबंध की समाप्ति पर बने रहते हैं.

m. **यूएस निर्यात क्षेत्राधिकार.** उत्पाद यू.एस. निर्यात क्षेत्राधिकार के अधीन हैं. ग्राहक को सभी लागू अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क़ानूनों का पालन करना पड़ेगा, इसमें यू.एस. निर्यात व्यवस्थापन नियमन, शस्त्र नियमनों में अंतरराष्ट्रीय ट्रैफ़िक, और अंतिम उपयोगकर्ता, Microsoft उत्पादों, सेवाओं, और प्रौद्योगिकियों से संबंधित यू.एस. और अन्य सरकारों द्वारा जारी अंतिम उपयोगकर्ता और गंतव्य प्रतिबंध भी शामिल हैं.

n. **अप्रत्याशित गतिविधि.** किसी भी पक्ष के उचित नियंत्रण से परे की घटना (जैसे कि आग, विस्फोट, बिजली चली जाना, भूकंप, बाढ़, भयंकर तूफान, हड़ताल, व्यापार प्रतिषेध, श्रमिक विवाद, नागरिक या सैन्य प्राधिकारी के कृत्य, युद्ध, आतंकवाद (साइबर आतंकवाद सहित), ईश्वरीय घटना, इंटरनेट ट्रैफ़िक कैरियर के कृत्य या चूक, विनियामक या सरकारी निकायों की कार्रवाई या चूक (क़ानूनों या विनियमों के मध्य टकराव या सरकार के अन्य कृत्यों सहित जो ऑनलाइन सेवाओं के वितरण को प्रभावित करते हैं)) के चलते निष्पादन में हुई किसी भी विफलता के लिए वह पक्ष उत्तरदायी नहीं होगा. हालांकि, यह अनुभाग इस अनुबंध के तहत आपके भुगतान दायित्वों पर लागू नहीं होगा.

o. **अनुबंध प्राधिकरण.** यदि आप एक व्यक्ति हैं और किसी कंपनी की ओर से इन शर्तों को स्वीकार कर रहे हैं, तो आप दर्शाते हैं कि आपके पास उस कंपनी की ओर से यह अनुबंध करने का कानूनी अधिकार है.

p. **सरकारी ग्राहकों को Microsoft के साथ परामर्श करना चाहिए.** सरकारी ग्राहकों को स्वीकृति से पहले से Microsoft के साथ परामर्श करना चाहिए. यदि ग्राहक एक सरकारी ग्राहक है तो इस अनुबंध को स्वीकार करने से पहले ग्राहक को स्थानीय कानूनों और सरकारी खरीद प्रक्रियाओं के साथ पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपने Microsoft प्रतिनिधि के साथ परामर्श करना चाहिए.

q. **उपभोक्ता उपचार.** निम्नलिखित प्रावधान केवल ऑस्ट्रेलिया में ग्राहकों के लिए लागू है:

इस एग्रीमेंट में किसी बात के होते हुए भी, उपभोक्ताओं के पास प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता अधिनियम 2010 (Cth) और ऑस्ट्रेलिया में इसी तरह के राज्य और क्षेत्रीय कानूनों के अनुरूप कुछ निश्चित अधिकार और उपचार हो सकते हैं जिसके संबंध में देयता अपवर्जित नहीं हो सकती है. यदि ऐसा है, तो कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, Microsoft के विकल्प में, वस्तुओं के मामले में या तो (1) वस्तुओं का प्रतिस्थापन या फिर (2) वस्तुओं की खराबी ठीक करना और सेवाओं के मामले में या तो (1) सेवाओं की पुनः आपूर्ति या फिर (2) सेवाओं की पुनः आपूर्ति की लागत जैसी देयता पर सीमित होती है. ऑस्ट्रेलियाई कानून के अनुसार Microsoft के लिए यह अनिवार्य है कि वह Microsoft उत्पाद ख़रीदने वाले उपभोक्ताओं को निम्न बातों की जानकारी दे: "Microsoft वस्तुएं गारंटी के साथ आती हैं जिसे ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून के तहत अपवर्जित नहीं किया जा सकता. ग्राहक एक बड़ी विफलता के लिए प्रतिस्थापन या धन-वापसी के और किसी भी अन्य अत्यधिक निकटस्थ नुकसान या क्षति के लिए क्षतिपूर्ति के हकदार है. ग्राहक वस्तुओं की मरम्मत या उन्हें बदले जाने के लिए भी हकदार है यदि वे वस्तुएं स्वीकार्य गुणवत्ता के स्तर पर खरी नहीं उतरीं और वह विफलता किसी और बड़ी विफलता को जन्म नहीं देती है."

r. **वैधानिक दायित्व.** निम्नलिखित प्रावधान केवल न्यूज़ीलैंड में ग्राहकों के लिए लागू है.

(i) **व्यवसाय.** जहां Microsoft किसी उत्पाद के एक "आपूर्तिकर्ता" (जैसा कि यह शब्द उपभोक्ता गारंटी अधिनियम 1993 ("CGA") में परिभाषित है) के रूप में कार्य करता है, वहाँ ग्राहक पुष्टि करता है कि इस अनुबंध के अंतर्गत Microsoft द्वारा उपलब्ध कराया गया उत्पाद एक व्यवसाय (जैसा कि यह शब्द CGA में परिभाषित है) के प्रयोजनों के लिए अधिग्रहीत है और कि Microsoft द्वारा आपूर्तित उत्पाद पर CGA लागू नहीं होता.

(ii) **उपभोक्ता.** इस एग्रीमेंट में CGA के तहत एक "उपभोक्ता" के अधिकारों को सीमित करने का कोई इरादा निर्दिष्ट नहीं किया गया है जहां वह अधिनियम लागू होता है, सिवाय उस अधिनियम के द्वारा अनुमत

सीमा के और इस एग्रीमेंट की शर्तें इस आशय को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सीमा तक संशोधित की जानी हों.

10. परिभाषाएं.

इस अनुबंध में संदर्भित "दिन" एक कैलेंडर दिन होगा.

"स्वीकार्य उपयोग नीति" को ऑनलाइन सेवाओं की शर्तों में निर्धारित किया गया है.

"सहयोगी कंपनी" का अर्थ ऐसी कोई भी क़ानूनी संस्था है जो किसी पक्ष के स्वामित्व में है, जो किसी पक्ष का स्वामी है, या किसी पक्ष के साथ संयुक्त स्वामित्व के अधीन है. "स्वामित्व" का अर्थ, इस परिभाषा के उद्देश्य से, किसी संस्था के 50% से अधिक हिस्से पर नियंत्रण है.

"प्रतिबद्धता प्रस्ताव" या "सीमित प्रस्ताव" सदस्यता प्रस्तावों का वर्णन करते हैं और उन्हें अनुभाग 2 में परिभाषित किया गया है.

"ग्राहक डेटा" को ऑनलाइन सेवाओं की शर्तों में परिभाषित किया गया है.

"अंतिम उपयोगकर्ता" का अर्थ है वे सभी व्यक्ति हैं जिन्हें आप ऑनलाइन सेवाओं में होस्ट किए गए ग्राहक डेटा तक पहुँचने की अनुमति देते हैं.

"फ़िक्स" का अर्थ उत्पाद फ़िक्स, संशोधनों, या एनहांसमेंट्स, या उनके व्युत्पन्नों से है, जिन्हें Microsoft या तो सामान्यतः रिलीज़ करता है (जैसे उत्पाद सेवा पैक) या ग्राहकों को विशिष्ट समस्या का समाधान करने के लिए प्रदान करता है.

"लाइसेंसिंग साइट" का अर्थ http://www.microsoft.com/licensing/contracts या इसके बाद की साइट है.

"गैर-Microsoft उत्पाद" को ऑनलाइन सेवाओं की शर्तों में परिभाषित किया गया है.

"ऑनलाइन सेवाएँ" का अर्थ है इस अनुबंध के तहत ग्राहक द्वारा सब्स्क्राइब्ड सभी Microsoft-होस्टेड ऑनलाइन सेवाएँ, जिसमें Microsoft Dynamics ऑनलाइन सेवाएँ, Office 365 सेवाएँ, Microsoft Azure सेवाएँ या Microsoft Intune ऑनलाइन सेवाएँ शामिल हैं.

"ऑनलाइन सेवाओं की शर्तें" का अर्थ है, ऐसी अतिरिक्त शर्तें जो ग्राहक के ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग पर लागू होती है जो लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होती है और समय-समय पर अद्यतन होती हैं.

"पूर्वावलोकन" का अर्थ है ग्राहक फ़ीडबैक प्राप्त करने के लिए Microsoft द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन सेवाओं या सॉफ़्टवेयर का पूर्वावलोकन, बीटा या अन्य पूर्व-रिलीज़ संस्करण अथवा सुविधा.

"उत्पाद" का अर्थ उत्पाद अवधि में चिह्नित सभी उत्पाद हैं, जैसे सभी सॉफ़्टवेयर, ऑनलाइन सेवाएँ, और अन्य वेब-आधारित सेवाएँ, जिनमें पूर्वावलोकन भी शामिल है.

"उत्पाद शर्तें" का अर्थ ऐसे दस्तावेज़ है जो वॉल्यूम लाइसेंसिंग के माध्यम से उपलब्ध Microsoft उत्पादों और व्यावसायिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है. उत्पाद शर्तें दस्तावेज़ लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होता है और समय-समय पर उसे अद्यतन किया जाता है.

“पेशेवर सेवाओं” का आशय इस अनुबंध के तहत ग्राहक को प्रदान की जाने वाली उत्पाद सहायता सेवाओं और Microsoft परामर्श सेवाओं से हैं. “पेशेवर सेवाओं” में ऑनलाइन सेवाएँ शामिल नहीं हैं.

“पुनर्विक्रेता” का अर्थ है, इस प्रोग्राम के अंतर्गत सॉफ़्टवेयर लाइसेंस और ऑनलाइन सेवा सदस्यताओं का पुनः विक्रय करने के लिए और आपकी सदस्यता के लिए सहायता प्रदान करने के लिए, आपसे जुड़े रहने के लिए, Microsoft द्वारा अधिकृत निकाय.

“SLA” का अर्थ सेवा स्तर अनुबंध है, जो ऑनलाइन सेवाओं के लिए न्यूनतम सेवा स्तर निर्दिष्ट करता है और लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होता है.

“सॉफ़्टवेयर” का अर्थ उत्पाद शर्तों पर चिह्नित Microsoft सॉफ़्टवेयर की लाइसेंसयुक्त प्रतियाँ हैं. सॉफ़्टवेयर में ऑनलाइन सेवाएँ शामिल नहीं हैं, परंतु सॉफ़्टवेयर ऑनलाइन सेवाओं का एक भाग हो सकता है.

“सदस्यता” का अर्थ है आपके पुनर्विक्रेता के द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार एक निर्धारित अवधि के लिए Online Services के लिए नामांकन.

“शर्त” का अर्थ है सदस्यता की अवधि (अर्थात्, 30 दिन या 12 महीने).

“उपयोग अधिकार” का अर्थ, प्रत्येक उत्पाद के लिए वह उपयोग अधिकार या सेवा की शर्तें हैं जो लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होती है और समय-समय पर अद्यतन की जाती हैं. उपयोग अधिकार उत्पाद के साथ आने वाली किसी भी अंतिम उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंध की शर्तों का स्थान लेती है. सॉफ़्टवेयर के लिए उपयोग अधिकार Microsoft द्वारा उत्पाद शर्तों में प्रकाशित होता है. ऑनलाइन सेवाओं के लिए उपयोग अधिकार ऑनलाइन सेवा शर्तों में प्रकाशित होता है.